दिनांक: 04.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट आज से जयपुर में–प्रदेश की अगले दशक की डिजिटल ग्रोथ के रोडमैप को प्रस्तुत किया जाएगा।
- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–पिछले 11 सालों में देश में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ–अखंड भारत को लेकर सरकार प्रतिबद्ध।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्‌घाटन करेंगे।
- प्रदेशभर में ठंड के असर में बढ़ोतरी–कई स्थानों पर घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित।

000

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट आज से जयपुर में आयोजित की जा रही है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 6 जनवरी तक चलने वाले इस सम्मेलन में कई देशों से हजारों विजनरी, निवेशक और स्टार्टअप संस्थापक भाग ले रहे हैं। समिट का उद्‌घाटन सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ करेंगे। इस दौरान प्रदेश की अगले दशक की डिजिटल ग्रोथ के रोडमैप को प्रस्तुत किया जाएगा।
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने बताया कि समिट में डिजिटल एग्रीकल्चर, स्मार्ट हैल्थ, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, जल प्रबंधन टूरिज्म, वाटर गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कई अहम विषयों पर मंथन होगा। इस दौरान आईस्टार्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ राजस्थान भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें करीब 50 फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। इस अंतर्राष्ट्रीय समिट में 200 करोड़ रुपये से अधिक संभावित निवेश और राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस के लॉन्च के लिए मंच तैयार करने का प्रयास किया जाएगा। समिट में रोजाना आगन्तुकों के प्रदेश की बहुरंगी संस्कृति से परिचय कराने के लिए कई आयोजन भी रखे गये हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि सम्मेलन के माध्यम से गवर्नेंस में टेक्नोलॉजी के उपयोग का विस्तार होगा।

..............

000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन नए आपराधिक कानून आने वाले सालों में सत्र न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करेंगे। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम में गृह मंत्रालय की संसदीय परामर्श समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि देश में फोरेंसिक लैब का नेटवर्क अगले पांच सालों में स्थापित करने के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। गृह मंत्री ने 373 करोड़ रुपये की लागत वाली नौ परियोजनाओं का भी उद्‌घाटन किया और दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इन 11 सालों में जो परिवर्तन हुआ है, वह भाजपा की देश की हर इंच भूमि को भारत माता मानने की अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

..............

000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल राजस्थान सहित सात राज्यों के कृषि मंत्रियों से विभिन्न विकास योजनाओं का फीडबैक लिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई इस बैठक में कृषि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत केन्द्र से मिले सवा चार सौ करोड़ रुपये के बजट में से अब तक 333 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि इस राशि से प्रदेश के किसानों को योजना के तहत व्यापक लाभ प्रदान किया गया है। इस अवसर पर डॉ. मीणा ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और पूरी पारदर्शिता के साथ कृषक हित में काम कर रही है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को सवाईमाधोपुर में 18 और 19 जनवरी को आयोजित होने वाले अमरूद महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी के 'डॉ. संपूर्णानंद स्पोट्र्स स्टेडियम' में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्‌घाटन करेंगे। 11 जनवरी तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। पुरुष और महिलाओं की लगभग 73 टीम इसमें भाग लेंगी। पूर्वांचल में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से सेवा की भावना से काम करने और सभी के कल्याण के लिए साथ मिलकर चलने का आह्वान किया है। जयपुर के कांस्टीट्‌यूशन क्लब में आयोजित प्रदेश भाजपा की कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियों और आमजन से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख करते हुए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को कहा। कार्यशाला के बाद मीडिया से बातचीत में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन किया गया।

............

000

नये साल की शुरूआत के साथ ही प्रदेशभर में ठंड का असर बढ़ गया है। शेखावाटी सहित पश्चिमी क्षेत्र के जिलों में भी तेज सर्दी ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर रखी है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान सीकर में सबसे कम 3 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। माउंट आबू में भी पारा गिरकर साढे तीन डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहेगा और कई स्थानों पर सुबह के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। इस बीच, दिल्ली एनसीआर से लगते इलाकों मे आज तड़के भी घना कोहरा छाया रहा। वहीं सवाईमाधोपुर, पाली, हाड़ौती क्षेत्र के जिलों और सरहदी जिलों में भी धुंध छाये रहने से दृष्यता न्यूनतम रही। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि वहां बीते दो दिनों से पड़ रही तेज सर्दी से सुबह–शाम के समय गली बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है।

000

प्रदेश में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरुकता के लिए राज्य सरकार की ओर से विशेष जांच कैम्प और कैंसर डिटेक्शन के मोबाइल शिविर लगाये जा रहे हैं। हमारे करौली संवाददाता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई गई डिटेक्शन वैन के जरिये दूर दराज के इलाकों में लोगों की स्क्रीनिंग निःशुल्क की जा रही है।

.............

000

विकसित भारत बिल्डथॉन–2025 के तहत राज्य स्तरीय मूल्यांकन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शिक्षा संकुल में आयोजित दो दिन के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के चुने हुए विचारों और मॉडल्स को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा। प्रतियोगिता के जरिए 10 राष्ट्रीय विजेता, 100 राज्य स्तरीय और एक हजार जिला स्तरीय विजेताओं का चयन किया जाएगा। चुने गए विद्यार्थियों को उनके नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाएगा।

000